प्रभात खबर

## सुंदरपहाड़ी में 270 लीटर देसी व नकली शराब व स्प्रिट जब्त




गोड्डा. विधानसभा चुनाव को देखते हुए आबकारी विभाग की ओर से सोमवार को गोड्डा समेत सुंदरपहाड़ी में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ छापेमारी की गयी है. 270 लीटर नकली व महुआ शराब को जब्त किया गया है. छापेमारी में उत्पाद विभाग की टीम ने भारी मात्रा नकली शराब आदि को बरामद किया है. छापेमारी टीम में एसआइ नीलेश सिन्हा ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गायछांद गांव 180 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया था. यहां से टीम ने तकरीबन 1800 केजी जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया है. इसके अलावा सुंदरपहाड़ी के घटियारी से मिथुन मंडल को गिरफ्तार किया गया है. जेल भेजा गया है. मिथुन नकली शराब के बड़े कारोबारी हैं. पहले भी इस प्रकार के कार्यों को लेकर पुलिस के द्वारा जेल भेजा गया है. मिथुन मंडल के धटियारी स्थित अवैध शराब फैक्ट्री में तकरीबन 90 लीटर स्पिरिट, 400 पीस खाली ढक्कन, विदेशी शराब का नकली स्टीकर सवमेत अन्य समान भारी संख्या में बरामद किया गया हैं. यह नकली शराब को आसपास के हाट में खपाता था. इसके साथ बाहर भी भेजता था. आबकारी विभाग ने बताया कि बिहार भी नकली शराब की खेप भेजी जाती थी. इसमें और भी कई शामिल हैं, जिसका पता लगाया जा रहा है, उसको भी पुलिस गिरफ्तारी करेगी. बताया कि पुलिस को इस बात की सूचना मिल रही थी कि मिथुन चोरी छिपे नकली शराब बना रहा है, उसकी खेप को बाहर भेज रही है. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर मिथुन मंडल को दबोचा.सुंदरपहाड़ी में 270 लीटर देसी व नकली शराब व स्प्रिट जब्त

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/godda/270-liters-of-liquor-and-spirits-seized